भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3815

दिनांक 12 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

व्यापार समझौते

3815. श्री वी. के. श्रीकंदन:

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारतीय वार्ताकारों के विभिन्न दल अमरीका और यूरोपीय संघ जैसे देशों और क्षेत्रों के साथ नए व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ के साथ मौजूदा समझौते में संशोधन करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रहे हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि भारत की यूरोपीय संघ के साथ वार्ता में अच्छी प्रगति हो रही थी और 'आसियान' के साथ मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा में कम संतोषजनक प्रगति हुई थी और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह भी सच है कि जहाँ तक अमरीका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते का प्रश्न है, अमरीकी अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत के बावजूद वार्ता सकारात्मक रूप से आगे नहीं बढ़ पाई; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (ङ) भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ वार्ता में सक्रिय रूप से नियोजित है। यह वर्ष 2009 में हस्ताक्षरित आसियान भारत वस्तु व्यापार समझौते की समीक्षा में भी जुड़ा हुआ है। भारत सरकार भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर वार्ता में नियोजित है जिसका उद्देश्य व्यापार और निवेश का विस्तार करना और भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों को प्रगाढ़ बनाना है ताकि निष्पक्षता, राष्ट्रीय सुरक्षा और रोज़गार सृजन सुनिश्चित करते हुए विकास को बढ़ावा दिया जा सके। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता वार्ता मार्च 2025 में शुरू हुई थी। वार्ता के पाँच दौर हो चुके हैं, जिनमें से अंतिम वार्ता दिनांक 14-18 जुलाई, 2025 को वाशिंगटन, अमेरिका में आयोजित हुई। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के लिए, जुलाई 2025 तक बारह दौर की वार्ताएँ संपन्न हो चुकी हैं।

आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए दोनों पक्षों के बीच 9 दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। दसवाँ दौर की वार्ता दिनांक 10-14 अगस्त, 2025 तक निर्धारित है।

*****